नवम्बर - 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 5th रैंक

30 नवम्बर 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



आगरा स्मार्ट सिटी में दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी कर्मचारियों के परिवार सम्मिलित हुए। एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ मनोरंजन के लिए प्रतियोगिताए आयोजित की। सभी ने सुरक्षित दीवाली मनाने की अपील की। इस दौरान पीएमसी अधिकारी आनद मेनन, अमिता चतुर्वेदी, सुखमीत, मिथलेश,अरुण,गौरव चयुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।



## पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी ने किया निरीक्षण, बताया बेहतर

सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में आयी पार्लियामेंट्री स्टैडिंग कमेटी ने शुक्रवार को शहर में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने आगरा स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहे कार्य देखे। समिति के सदस्यों ने कार्यों को बेहतर बताते हुए, तारीफ की। साथ ही सुझाव भी दिए। कि और बेहतर कैसे किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने आगरा लव पॉइंट पर बनाए गये स्मार्ट टायलेट को देखा। इसके बाद ब्युटीफिकेशन आफ फतेहाबाद प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही बगीचे, पार्किंग, ओपन जिम, स्ट्रीट वेडिंग जोन, यूटिलिटी डक्ट का सिस्टम भी देखा। संसदीय समिति ने निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक समय कंट्रोल कमांड रुम में बिताया। उन्होंने कंट्रोल कमांड रुम के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान आनंद मेनन ने बताया कि लगभग 282 करोड़ के प्रोजेक्ट के तहत शहर भर में 2000 से अधिक कैमरे लगाए गये हैं। इससे अपराध नियंत्रण, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, 24 घंटे पानी की आपूर्ति, हाउस टैक्स सिस्टम आदि की मॉनीटरिंग की जाती है। अधिकारियों की ओर से समिति को बताया गया कि कोरोना काल में कमांड एंड सिस्टम के माध्यम से किस तरह जनता की मदद की गई।




## स्मार्ट सिटी ने आगरा विकास मंच के साथ लगाया मधुमेह जांच शिविर

विश्व मधुमेह दिवस और बाल दिवस पर आगरा विकास मंच और स्मार्ट सिटी की ओर से संयुक्त रुप से चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान 351 लोगों का चेकअप किया गया। जिसमें से 50 मधुमेह के रोगी निकले। अहिंसा पार्क जयपुर हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह बहुत ही बेहतर कार्य है। ऐसे कार्यों को समय-समय करते रहना चाहिए। इस मौके पर डा बांके लाल, डा सुनील, डा एसके गुप्ता , सुनील कुमार जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आगरा जैसा हर शहर में कंट्रोल कमांड सिस्टम



नार्वे के राजदूत हैंस जैकब फाइडनलुंड काउंसलर रॉयल नार्वेजियन एजेंसी मेरिट स्टरैंड एवं महानिदेश सेंटर फॉर साइट एंड एनवायरमेंट डा सुनीता ने स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमांड सिस्टम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल कमांड सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। पीएमसी के अधिकारी आनंद मेनन ने उन्हें बताया कि किस तरह से कंट्रोल कमांड रूम से शहर की निगरानी होती है। उन्होंने बताया कि शहर भर में 2000 से अधिक कैमरे में लगे हुए हैं। जो प्रत्येक चौराहे एवं शहर की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। मेयर नवीन जैन ने राजदूत का स्वागत करते हुए उन्हें स्मार्ट सिटी स्किल डवलपमेंट के तहत बनाई गई जरदोजी की सीनरी और ताजमहल भेंट किया। इसके साथ ही टीम ने ताजमहल के आस-पास हुए विकास कार्यों को भी देखा। राजदूत ने कहा कि यह बेहतर सिस्टम है। इस सिस्टम को हर शहर में होना चाहिए। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारियों सहित मेयर नवीन जैन उपस्थित रहे।



स्मार्ट सिटी और सिविल सोसायटी आफ आगरा की ओर से मेरी आवाज सुनो के तहत निशुल्क हैल्थ शिविर लगाया गया। सदरभट्टी स्थित अनकरी नीलोफर गर्ल्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंप में हड्डी रोगों की जांच की गई। इस अवसर पर पंकज, अरुण कुमार, अमिता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी : ताजगंज को 24 घंटे दिया पानी

स्मार्ट सिटी की ओर से जीवनी मंडी से ताजगंज तक 1200 एमएम पाइप लाइन डाली गई है। जिसके तहत 24 घंटे ताजगंज को पानी मिलेगा। इससे पहले ताजगंज क्षेत्र में पानी को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब स्मार्ट सिटी के अथक प्रयासों से ताजगंज के वाशिंदों के भी गंगाजल 24 घंटे मिल पाएगा। ताजगंज क्षेत्र के कई वार्ड पानी की समस्या को लेकर सालों से परेशानियां उठा रहे थे। लोगों से जब फीड बैक लिया गया। तो उनका कहना था कि सबसे बड़ी समस्या का समाधान स्मार्ट सिटी ने किया है। इससे ताजगंज के नौ वार्डों, तोरा सहित दो गांव और छावनी क्षेत्र के आंशिक भागों में लोगों को गंगा जल मिलने लगा।



होली पब्लिक गर्ल्स स्कूल में स्मार्ट सिटी की ओर से कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें होली पब्लिक स्कूल की विभिन्न शाखाओं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अपना शहर स्मार्ट, वन्यजीव संरक्षण एवं कोविड योद्धा थीम पर करायी गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने पेपर के टुकड़ों को अपनी कल्पना और प्रतिभा से सजाकर कोलाज बनाएं। इस माध्यम से उन्होंने वन्य संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही कोरोना में विशेष सहयोग के लिए कंट्रोल कमांड रुम का स्वरुप दिखाया। साथ ही किस प्रकार कोरोना वॉरियर्स ने काम किया। इससे भी कोलाज के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस मौके पर निदेशक संजय तोमर, स्मार्ट सिटी से गौरव चतुर्वेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नवम्बर - 2021

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 5th रैंक

30 नवम्बर 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



# स्मार्टसिटी ने रेनबोअस्पताल के साथ कोरोना वारियर्स को किया सम्मानित

स्मार्ट सिटी की ओर से कोरोना वारियर्स को रेनबो अस्पताल के साथ मिलकर सम्मानित किया गया। स्मार्टसिटी हेल्थ सेंटर के विषय में लोगों को जानकारी दी गई। रेनबो ग्रुप के निदेशक डॉ आरएम मल्होत्रा ने कहा कि अस्पताल की 10 वी सालगिरह हैं। ये बेहद खुशी की बात हैं। वही शहर में स्मार्ट हेल्थ सेंटर के जरिये जो लोगो को लाभ दिया जा रहा हैं। ये बेहतर प्रयास हैं।




# डेंगू मरीजो के लिए लगाया शिविर

स्मार्ट हेल्थ सेंटर एवम सिंधी समाज की ओर से डेंगू मरीजो के लिए रक्तदान शिविर लगाया। इस दौरान संमजसेवी संगठनों ने 58 यूनिट रक्त दान किया





## श्रमदान कर लोगों को दी स्मार्टसिटी की जानकारी

स्मार्ट सिटी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शहर के यमुना घाटों पर समाजसेवी संस्थाओ के साथ मिलकर श्रमदान किया। साथ ही लोगों को स्मार्टसिटी के विषय में जानकारी दी। श्रमदान के दौरान वैन यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी केडेटों ने भी सहयोग किया।




## भारत स्काउट गाइड के साथ झंडा दिवस मनाया

स्मार्टसिटी जहा एक ओर शहर की सूरत संवार रही हैं। वही दूसरी ओर स्कूलों, कॉलेजों एवम सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर अवेरनेस कार्यक्रम भी कर रही हैं। इसी जे तहत भारत स्काउट गाइड उत्तरप्रदेश के पदाधिकारियों के साथ झंडा दिवस मनाया। इस दौरान स्मार्टसिटी की अमिता चतुर्वेदी,मिथिला,देवीणा ,गौरव चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सिखाये यातायात के नियम

स्मार्टसिटी के कंट्रोल कमांड रूम से शहर भर के यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जा रही हैं। चौराहों पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही हैं। इसी क्रम में देश के भविष्य युवाओ और छात्रों को यातायात विभाग के साथ मिलकर स्कूलों में यातायात नियमो के विषय में जानकारी दी गई। जिसके तहत खंदारी स्थोत श्रीराम कृष्ण इंटर कॉलेज और सिकंदरा स्थित कॉलेज में कार्यशाला की गईं।



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के बने कंट्रोल और कंमाण्ड सिस्टम शहर में बेहतर कर कर रहा हैं। चौराहे पर लगे सीसीटीवी, नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर और लोकल प्रोसेस यूनिट जैसे महत्वपूर्ण उपकरण शहर की सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था को भी संभाले हुए हैं। इसके साथ ही अब सिस्टम कोरोना के लिए दूसरी लहर की तरह ही काम करेगा।




विधानसभा चुनाव से पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत ताजमहल के आसपास के इलाकों में 24 घंटे पानी दिया जाएगा। वही जनवरी में रावतपाड़ा में पानी दिया जाएगा। वही स्मार्ट हेल्थ सेंटर्स के माध्यम से लोगो को सस्ते में इलाज दिया जा रहा हैं। जल्दी ही 10 स्मार्ट हेल्थ सेंटर शुरू किए जाएंगे।

**आगरा स्मार्ट सिटी ने शहर को ही नही लोगो की सोच को भी बदला हैं। तमाम परियोजनाओ पर काम चल रहा हैं। इसका नतीजा है कि आज आगरा को गंगाजल मिल रहा हैं। ताजगंज क्षेत्र तक गंगाजल पहुंच रहा हैं। वही ऐसी महिलाओं के हुनर को प्लेट फार्म दिया। जो घरों में ही सीमित थीं। जरी जरदोजी का प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। शहरवसियों को भी अपने शहर को स्मार्ट रखने के लिए स्मार्टसिटी का सहयोग करना चाहिए।**

**डॉ सोमदेव सारस्वत, शिक्षक**



# स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा

मेयर नवीन जैन ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का कार्य बेहतर हैं। सुनवाई के दौरान कूड़ाकार्यों कलेक्शन से लेकर सभी परियोजनाएं पर बेहतर कार्य किया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि कार्यों को और बेहतर बनाये। इससे हमारा शहर और स्मार्ट रहे।